Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC digital

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# PRESS RELEASE

**29/12/2021 PAN INDIA**

विषय : एलआईसी अध्यक्ष द्वारा "एलआईसी डिजी ज़ोन" का उद्घाटन ।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने एलआईसी के डिजिटल संचालनों, अर्थात् अपने ग्राहकों के लिए विक्रय और सेवाओं को उन्नत करने के लिए "एलआईसी डिजी ज़ोन" का उद्घाटन किया । यह उद्घाटन एलआईसी अध्यक्ष श्री एम. आर. कुमार के करकमलों द्वारा, प्रबंध निदेशक श्री राज कुमार, श्री सिद्धार्थ मोहनती, श्री बी.सी.पटनाईक तथा श्री सी.विकास राव, क्षेत्रीय प्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, दि. 29 दिसंबर 2021 को किया गया ।

**29/12/2021 PAN INDIA**

एलआईसी, एक तकनीक संचालित जीवन बीमाकर्ता बनने के उद्देश्य से, भवन में स्थापित कियोस्क के माध्यम से अपने उत्पादों और सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी । ग्राहक ऑनलाइन पालिसी खरीदने, प्रीमियम का भुगतान करने और अन्य सेवाओं का भी लाभ उठाने के लिए एलआईसी के डिजी जोन का उपयोग कर सकते हैं। उद्घाटन के तुरंत बाद, नए "एलआईसी डिजी जोन" में डिजिटल व्यवहार करनेवाले प्रत्यक्ष ग्राहकों से संचालन क्रियान्वित हुआ।

इस अवसर पर, श्री एम. आर. कुमार ने कहा, ‘’एलआईसी डिजी जोन का शुभारंभ हमारे निगम के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है । एलआईसी ने विकास की गति में तेजी, ग्राहक संतुष्टि में वृध्दि तथा मध्यस्थ उत्पादकता एवं विश्वसनीयता में सुधार के विभिन्न लाभों को उन्मुक्त करने के लिए डिजिटल रूपांतरण की अगली पहल के आरंभ की योजना बनाई है।‘’

29 दिसंबर, 2021 को मुंबई में दिनांकित।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई ।
ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com